विदेशी मुद्रा व्यय की गई है और इसके कारण देश को कितनी वार्षिक हानि हुई है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्यमंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) वर्ष 1992-93 के दौरान पैराफिन मोम का देशी उत्पादन लगभग 47,000 मी० टन था । इसकी तुलना में देश में पैराफिन मोम की वास्तविक मांग काफी अधिक है । निजी क्षेत्र से संबंधित आंकड़े नहीं रखे जाते हैं ।

(ख) से (घ) जबकि टाइप III पैराफिन मोम की कुल मांग पूर्णरूपेण देशी उत्पादन द्वारा पूरी की जाती है तथापि टाइप-I तथा टाइप-II पैराफिन मोम का आयात किया जा रहा है क्योंकि इसका भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है ।

पिछले तीन वर्षों में किये गये आयात की मात्रा और उसका मूल्य निम्नलिखित है :—

(करोड़ रुपए)

	मात्रा	सी०आई०एफ० मूल्य
1989-90	20 टी०एम०टी०	26.95
1990-91	23 टी०एम०टी०	34.44
1991-92	25 टी०एम०टी०	55.56

पैराफिन मोम की आपूर्ति और बिक्री पर लगभग 130 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष पूल खाते से आर्थिक सहायता के रूप में खर्च की जा रही है ।

Permission for making Mini Gas Cylinders

1205. SHRI ISH DUTT YADAV : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Government have permitted any company to make Mini Gas Cylinder in the country;

(b) if so, the names of the companies and the rules, if any, made for them ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA) : (a) According to the information given by the Directorate General of Technical Development (DGTD), no unit has been registered with them specifically for manufacture of Mini Gas Cylinders.

(b) Does not arise.

पैट्रोलियम लाने वाले निजी माल-वाहक जहाज

1206. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशों से भारत में पैट्रोलियम तथा पैट्रोलियम उत्पादों को लाने के कार्य में कितने निजी मालवाहक जहाज लगे हुए हैं ;

(ख) उक्त मालवाहक जहाज किन-किन कम्पनियों के हैं और उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) इन निजी मालवाहक जहाजों से अनुबंध कब किया गया था और अनुबंध की निबंधन और शर्तें क्या हैं तथा उनके साथ कितनी अवधि के लिए अनुबंध किया गया था; और

(घ) क्या इन सभी शर्तों को पूरा किया गया है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) विवरण निम्नलिखित हैं :—

कम्पनी	क्रूड कैरियरों की संख्या	उत्पाद कैरियरों की संख्या
ग्रेट इस्टर्न शिपिंग	1	8
ऐस्सर शिपिंग	3	5
इंडिया स्टीमशिप (रत्नाकर शिपिंग)	1	—
वरुण शिपिंग	—	2
सेन्चुरी शिपिंग	—	3
योग	5	18